राजभाषा

1. संविधान की कौनसी अनुसूची में क्षेत्रीय भाषाओं का उल्लेख है ?
(अ) सातवीं अनुसूची (ब) आठवीं अनुसूची
(स) नौवीं अनुसूची (द) दसवीं अनुसूची
उत्तर : (ब) RRB 2004
2. संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं की संख्या कितनी है ?
(अ) 19 (ब) 18
(स) 22 (द) 16
उत्तर : (स)
3. भारत की राजभाषा है–
(अ) हिंदी (ब) अंग्रेजी
(स) हिंदी व अंग्रेजी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
4. भारतीय संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में संविधान द्वारा किसे मान्यता प्राप्त है ?
(अ) 8वीं अनुसूची में वर्णित भाषाओं में से एक
(ब) हिंदी
(स) संस्कृत
(द) अंग्रेजी
उत्तर : (ब) RRB 2006
5. संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत हिंदी को राजभाषा के रूप में दर्जा प्रदान किया गया है ?
(अ) अनुच्छेद 348 (i) (ब) अनुच्छेद 346 (i)
(स) अनुच्छेद 343 (i) (द) अनुच्छेद 345 (i)
उत्तर : (स)
6. हिंदी देश की राष्ट्रभाषा है, लेकिन शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा को प्रयोग को कब तक करने की अनुमति प्रदान की गई है ?
(अ) 2009 ई.
(ब) 2011 ई.
(स) 2026 ई.
(द) अनिश्चित काल के लिए
उत्तर : (द)
7. किसी भाषा को किसी राज्य की राजभाषा के रूप में अंगीकार करने का अधिकार किसे है ?
(अ) राष्ट्रपति (ब) संसद
(स) राज्य विधानमंडल (द) राजभाषा आयोग
उत्तर : (स)
8. संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं में निम्नांकित में से कौनसी भाषा बोलने वाले सर्वाधिक है ?
(अ) बांग्ला (ब) गुजराती
(स) मराठी (द) तेलुगू
उत्तर : (अ) UPPCS 1998
9. संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध निम्नलिखित में से कौनसी एक किसी राज्य की भाषा है ?
(अ) कश्मीरी (ब) उर्दू
(स) सिंधी (द) नेपाली
उत्तर : (ब) SSC 2002
10. निम्नलिखित में से किस राज्य में उर्दू को राजकाल की भाषा के रूप में अंगीकार किया है ?
(अ) राजस्थान (ब) मध्य प्रदेश
(स) आन्ध्र प्रदेश (द) जम्मू–कश्मीर
उत्तर : (द)
11. निम्नलिखित में कौनसी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में नहीं है ?
(अ) उर्दू (ब) नेपाली
(स) कोंकणी (द) भोजपुरी
उत्तर : (द) MPPSC 2004
12. डोगरी भाषा किस राज्य में बोली जाती है ?
(अ) जम्मू–कश्मीर (ब) असम
(स) बिहार (द) ओड़िसा
उत्तर : (अ)
13. सिंधी को किस संवैधानिक संशोधन द्वारा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया ?
(अ) 21वाँ (ब) 23वाँ
(स) 30वाँ (द) 32वाँ
उत्तर : (अ)
14. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 344 के तहत प्रथम राजकीय भाषा आयोग का गठन हुआ था–
(अ) 1950 ई. में के..एम. मुंशी की अध्यक्षता में
(ब) 1955 ई. में बी.जी. खेर की अध्यक्षता में
(स) 1960 ई. में एम.सी. खालसा की अध्यक्षता में
(द) 1965 ई. में हुमायूं कबीर की अध्यक्षता में
उत्तर : (ब) UPPCS 1998
15. 1955 ई. में गठित राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
(अ) बी.जी. खेर (ब) बी. कृष्णा
(स) जी.जी. मीरचंदानी (द) इकबाल नारायण
उत्तर : (अ)
16. संविधान के किस अनुच्छेद में यह व्यवस्था की गई है कि प्रत्येक राज्य शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाओं को उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा ?
(अ) अनुच्छेद 349 (ब) अनुच्छेद 350
(स) अनुच्छेद 350A (द) अनुच्छेद 351
उत्तर : (स) UPPCS 2002

www.rajstudents.com

17. संविधान के 21वें संशोधन द्वारा संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नांकित में से कौनसी भाषा सम्मिलित की गई ?
(अ) संस्कृत (ब) सिंधी
(स) उर्दू (द) अंग्रेजी
उत्तर : (ब)

18. किस संवैधानिक संशोधन के द्वारा संविधान भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में बोडा, डोरी, संथाली और मैथिली भाषाओं का समावेश किया गया ?
(अ) 21वां (ब) 71वां
(स) 91वां (द) 92वां
उत्तर : (द)

19. कौनसी भाषा हमारे सविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं है ?
(अ) गुजराती (ब) कश्मीरी
(स) राजस्थानी (द) डोगरी
उत्तर : (स) UPPCS 1993

20. निम्न में से किस भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है जबकि वह एक राज्य की राजकीय भाषा है ?
(अ) अंग्रेजी (ब) सिंधी
(स) उर्दू (द) संस्कृत
उत्तर : (अ)

21. संविधान की आठवीं अनुसूची में 21वें संवैधानिक संशोधन द्वारा निम्न में से कौनसी भाषा जोड़ी गई ?
(अ) संस्कृत (ब) सिंधी
(स) पंजाबी (द) कोंकणी
उत्तर : (ब) UPPCS 1990

22. भारत के किस राज्य में उर्दू को प्रथम राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है ?
(अ) उत्तर प्रदेश (ब) बिहार
(स) जम्मू एवं कश्मीर (द) महाराष्ट्र
उत्तर : (स) IAS 1986

23. आठवें परिशिष्ट का संबंध है–
(अ) भाषा से (ब) अनुसूचित जाति से
(स) आरक्षण से (द) मूल अधिकार से
उत्तर : (अ)

24. भारतीय संविधान में कितनी भाषाएँ क्षेत्रीय भाषाओं के रूप में मान्यता प्राप्त है ?
(अ) 12 (ब) 13
(स) 14 (द) 22
उत्तर : (द) BPSC 2008, TET 2011

25. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कौनसी भाषा वर्ष 2003 में जोड़ी गई ?
(अ) कोंकणी (ब) सिंधी
(स) मणिपुरी (द) संथाली
उत्तर : (द) CgPCS 2005

26. निम्न में से कौनसी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लेखित नहीं है ?
(अ) संस्कृत (ब) सिंधी
(स) अंग्रेजी (द) नेपाली
उत्तर : (स) SSC 2013

www.rajstudents.com